卐 श्री सदगुरु देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 291 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦29 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित

### वसुंधरा राजे, कैलाश विजयवर्गीय सहित 38 नेताओं को मिली जगह

नई दिल्ली (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी चुनावी मोड पर आ गयी है। इसके लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने टीम गठन भी कर लिया है। जेपी नड्डा की नई टीम में वसुंधरा राजे, रमन सिंह और कैलाश विजयवर्गीय सहित 38 नेताओं को जगह मिली है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम और वर्तमान विधायक रमन सिंह, सांसद सरोज पांडेय और लता उसेंडी, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधायक वसुंधरा राजे, झारखंड से रघुवर दास, मध्य प्रदेश से सौदान सिंह, उत्तर प्रदेश से सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी, सांसद रेखा वर्मा और विधान परिषद सदस्य तारिक मंसूर, ओडिशा से बैजयंत पांडा, तेलंगाना से



डीके अरुणा, नगालैंड से एम चौबा एओ और केरल से अब्दुल्ला कुट्टी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया है। राष्ट्रीय महामंत्री पद पर उत्तर प्रदेश से सांसद अरुण सिंह, सांसद राधामोहन अग्रवाल, मध्य प्रदेश से कैलाश विजयवर्गीय, दिल्ली से दुष्यंत कुमार गौतम, राजस्थान से सुनील बंसल, महाराष्ट्र से विनोद तावड़े, पंजाब से तरुण चुग, तेलंगाना से सांसद संजय बंदी का नाम घोषित किया गया है। बीएल संतोष को राष्ट्रीय महामंत्री संगठन और शिवप्रकाश को राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री बनाया गया है। राष्ट्रीय सचिव पद पर महाराष्ट्र से विजया राहटकर, आंध्र प्रदेश से सत्या कुमार, दिल्ली से अरविंद मेनन, महाराष्ट्र से पंकजा मुंडे, पंजाब (शेष पृष्ठ सात पर)

## बारिश से तबाही,घर छोड़कर भागने के लिए मजबूर हुए लोग

कोटद्वार (उद ब्यूरो)।भारी बारिश से कोटद्वार में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए है। कोटद्वार के कौड़िया वार्ड में पनियाली गदेरे ने तबाही मचाई है। देर रात कई घरों में पानी भर गया। लोग समान छोड़ कर जान बचाने के लिए भागे। दूसरी तरफ यमुनोत्री धाम सहित आसपास रात से बारिश जारी है। ओजरी डाबरकोट,झर्झरगाड़ सहित कहीं जगहों पर मलबा बोल्डर आने से आवाजाही बाधित हो गई



है। उत्तराखंड के सभी जिलों में शनिवार से अगले तीन दिन भारी बारिश होने के आसार है। मौसम विभाग ने 29 जुलाई से एक अगस्त तक पूरे प्रदेश में तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। खासकर चमोली, बागेश्वर (शेष पृष्ठ सात पर)

गुरू माँ
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू माँ
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## दुकान में चोरों का धावा,नगदी उड़ाई

गदरपुर (उद संवाददाता)।अज्ञात चोरों ने दिनेशपुर रोड स्थित विकास बिल्डिंग मेटेरियल की दुकान में धावा बोलकर एक लाख से अधिक की नगदी गायब कर ली। जानकारी के अनुसार महेशपुर निवासी विकास बजाज की दिनेशपुर रोड पर



विकास बिल्डिंग मटेरियल के नाम से सरिया सीमेंट का एक प्रतिष्ठान है जिस पर विगत रात्रि अज्ञात चोर सीसीटीवी कैमरे को तोड़ते हुए छत के रास्ते से दुकान में घुस गए दुकान के अंदर बने ऑफिस की खिड़की को तोड़ते हुए अज्ञात चोरों ने गल्ले में रखी नगदी को चुरा लिया।सुबह जब प्रतिष्ठान स्वामी अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो उन्होंने देखा ताले पर हथोड़े के निशान पड़े हुए थे। दुकान में लगे (शेष पृष्ठ सात पर)

## विश्व बाघ दिवस पर बाघिन की मौत से मचा हड़कंप

रामनगर(उद संवाददाता)। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत पड़ने वाली ढेला नदी में शनिवार सुबह बाघ का शव मिलने के बाद कॉर्बेट प्रशासन के अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि बाघ ढेला रेंज के सांवल्दे पूल के नीचे मिला है यह शव बाघिन का है जिसकी उम्र लगभग 2 वर्ष की बताई जा रही है। बता दें कि आज जहां पूरे देश मे ग्लोबल टाइगर डे मनाया जा रहा है तो वहीं आज कॉर्बेट पार्क से दु:खद खबर सामने आई है। जहां कॉर्बेट पार्क के ढेला रेंज से आज





सुबह एक बाघ के शव मिलने की सूचना कॉर्बेट प्रशासन को मिली,सूचना पर कॉर्बेट प्रशासन में हड़कंप मच गया,वहीं मौके पर पहुंचे कॉर्बेट पार्क के आलाधिकारियों ने बाघ के शव को कब्जे में लेते हुए जांच की,तो पाया कि मिला शव बाघिन का है जिसकी आयु लगभग 2 वर्ष की बताई जा रही,वहीं मौके पर पहुंचे कॉर्बेट पार्क के निदेशक डॉ धीरज पांडे ने बताया कि प्रथम दृष्टया बाघिन की मौत आपसी संघर्ष में होना प्रतीत हुआ है,क्योंकि बाघ के शरीर में कई गहरे घाव के निशान मिले है। वहीं पार्क निदेशक डॉ धीरज पांडे ने कहाँ कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद सही कारणों का पता चलेगा,उन्होंने बताया कि ये बाघिन की चहलकदमी इस क्षेत्र में काफी लंबे समय देखी जा रही (शेष पृष्ठ सात पर)

## हजारों की नगदी सहित दो सट्टेबाज पकड़े

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने गश्त के दौरान दो सट्टेबाजों को खाईबाड़ी करते हजारों की नगदी व सट्टापर्ची आदि सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसआई प्रदीप पन्त, एसआई धीरज टम्टा, हे.कानि. सुभाष चंद रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर शमशानघाट रोड़ पर पहुंचे। जहां एक मकान के सामने भीड़-भाड लगी हुई दिखी। एक व्यक्ति लोगों को। लगाओ (शेष पृष्ठ सात पर)

## पानी के लिए जल संस्थान कार्यालय में गरजे लोग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजेन्द्र नगर वार्ड 12 राजपुरा में व्याप्त पेयजल संकट से जनता का सब्र का बांध टूट गया। आक्रोशित जनता ने यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू की अगुवाई में जलसंस्थान कार्यालय में छाता लगाकर बरसात के बीच जमकर हंगामा काटते हुये जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान जेई की कार्यप्रणाली पर लोगों ने जमकर रोष जताया।हेमन्त साहू ने कहा राजपुरा का ट्यूबवेल पिछले 5 दिनों से खराब है। राजपुरा की करीब 10 हजार से अधिक की आबादी पानी के लिये दर दर भटक रही है। विभाग के अधिकारियों द्वारा न तो



मौका मुआयना किया गया न ही सही ढंग से वैकल्पिक व्यवस्था की गई। जिससे विभाग के प्रति जनता में उबाल है। छोटे छोटे बच्चे पानी के लिये दो से तीन किलोमीटर दूर जाकर इंतजाम करने में लगे है। जेई ने जब राजपुरा के लिये पर्याप्त संख्या में टैंकरों वैकल्पिक व्यवस्था की जब जाकर लोग (शेष पृष्ठ सात पर)

## विधवा ने जेठ और उसके पुत्र पर लगाया सम्पत्ति हड़पने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोर्ट के आदेश पर एक विधवा महिला द्वारा अपने जेठ व उसके पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है जिसमें दोनों पर उसके पति की सम्पत्ति हड़पने के साथ ही उसे धमकी देते हुए मारपीट कर घर से निकाल देने का आरोप लागाया गया है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में श्रीमती गंगा देवी पत्नी स्व. दान सिंह निवासी ग्राम शान्तिपुरी नंबर 4, पन्तनगर ने अपने जेठ किशन सिंह कोरगा पुत्र स्व. पोखर सिंह व उसके पत्र प्रमोद कोरंगा के विरूद्ध कहा है कि जेठ किशन सिंह कोरंगा एवं उसके पुत्र प्रमोद कोरंगा की कुदृष्टि उसकी सम्पत्ति पर पहले से ही थी। जिस कारण उसके पति के जीवन काल में ही उसकी भूमि को छल पूर्वक को अट्ठारह लाख पचास हजार रुपये में बिकवा दिया था। जिसके सारे पैसों पर इन दोनों की निगाह थी। उसके पास उक्त धन के अतिरिक्त अन्य कोई जीवन यापन का साधन नहीं है। आरोप है प्रमोद कोरंगा ने चालाकी पूर्वक उसे यह आश्वासन दिया (शेष पृष्ठ सात पर)

# महिला मोर्चा की टिफिन बैठक में मोटे अनाज पर चर्चा

किच्छा( उद संवाददाता)। भाजपा महिला मोर्चा ने मोटे अनाज के प्रोत्साहन के लिए टिफिन बैठक का आयोजन किया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण गरीबों का भोजन कहे जाने वाला मोटा अनाज अमीरों की थाली में भी दिखाई दे रहा है। इस मौके पर महिलाओं ने टिफिन में मोटे अनाज से बने व्यंजनों का लुत्फ उठाया। शुक्रवार को किच्छा मंडी समिति के सभागार में आयोजित टिफिन कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा ने कहा कि मोटे अनाज को लेकर समाज में कई भ्रांतियां रहती थी। यह माना जाता था कि मोटा अनाज अमीर वर्ग का भोजन नहीं निर्धन लोगों का भोजन है ,लेकिन आज मोटा अनाज गरीबों के साथ साथ अमीरों की थाली में भी दिखाई दे रहा है। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया है और जब प्रधानमंत्री ने इसका प्रस्ताव रखा था तो विश्व के 72 देशों ने इसका समर्थन किया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कारण मोटे अनाज को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है।आज भारत में मोटे अनाज से संबंधी पांच सौ से ज्यादा स्टार्टप शुरू हो गए है।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने मिलेट के उत्पादन के लिए कृषि क्षेत्र में बजट का प्रावधान किया है। खास बात यह है कि बंजर भूमि और कम सिंचाई के संसाधन वाले क्षेत्रों में भी मोटे अनाज की पैदावार हो जाती है। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि मोदी सरकार का फोकस मोटे अनाज के उत्पादक किसानों की आय बढ़ाना है।इसके अलावा इसके विपणन के लिए भी सरकार ने श्री अन्न योजना शुरू की है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रीमती मेहरा ने कहा कि आज गांव से लेकर बड़े बड़े मॉल तक में मोटा अनाज दिखाई दे रहा है।पहले लोगों को इसकी पौष्टिकता की जानकारी नहीं थी। वेद पुराणों में मोटे अनाज का वर्णन है और पूजा की थाली में भी इसका उपयोग होता है।उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में धामी सरकार मोटे अनाजों के प्रोत्साहन और उसके उत्पादन के लिए निरंतर कार्य कर रही है । भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष विमला मुंडेला ने महिलाओं को मोटे अनाज के गुणों के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि सबको अपने घरों में मोटे अनाज का ही सेवन करना चाहिए क्योंकि यह बच्चों के लिए भी बहुत लाभकारी है। बैठक को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि रस्तोगी,मंडी समिति अध्यक्ष कमलेंद सेमवाल,बाल आयोग सदस्य सुमन राय ने भी संबोधित किया। बैठक में शैली फुटेला,मनमोहन सक्सेना, पूनम अग्रवाल ,चंद्रकला राय, स्वाति शर्मा, रजनी रावत, ममता त्रिपाठी, मधु बिसेन, आरती दुबे, सुनीता गंगवार, लता सिंह, रितु अग्रवाल,पूजा राठी, मीरा तिवारी, दया दसीला, जस मीरा,अनीता ज्वाला,श्वेता मिश्रा,मधु गुप्ता, विमला गंगवार,प्रेम लता,डाक्टर संगीता शर्मा, शेल शुक्ला,रेणुका चौधरी,शशि शुक्ला,प्रीति त्रिपाठी,रवीना गंगवार,धनसरा शर्मा, राप्ती शर्मा आदि मौजूद थी।



# करंट लगने से गाय की मौत पर एसडीओ का किया घेराव

हल्द्वानी ( उद संवाददाता)। टीपीनगर मुख्य गेट के पास खाली प्लाट में करंट फैलने से एक गाय की मौत हो गई और एक बैल को आसपास के व्यापारियों ने किसी तरह बचा लिया। टीपीनगर में करंट फैलने की घटना से गुस्साए व्यापरियों ने टीपीनगर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह सेठी और महामंत्री प्रदीप सबरवाल के नेतृत्व में टीपीनगर की उपखण्ड अधिकारी शुभा जोशी का घेराव कर बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने और खुली लाइनों, झूलते तार, खुले ट्रांसफार्मर की समस्या से निजात दिलाने की मांग की। महामंत्री प्रदीप सबरवाल



ने कहा कि टीपीनगर में ड्रेनेज की कोई व्यवस्था नहीं है। बिजली लाइनें खुली है। ट्रकों की आवाजाही से कई पोल टूट गए और टेढ़े मेढ़े हो गए हैं। लाइनें झुकी हुई हैं। जलभराव के कारण हर समय करंट फैलने का खतरा रहता है। उन्होंने शीघ्र समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। उपखण्ड अधिकारी ने जल्द प्रस्ताव बनाकर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। घेराव करने वालों में अध्यक्ष अमरजीत सिंह सेठी, महामंत्री प्रदीप सबरवाल, चंद्रशेखर पांडेय, खीमानंद शर्मा, ललित मोहन बिष्ट, जसपाल कोहली, मनजीत सिंह सेठी, रिंकू आनंद, महेंद्र सिंह सेठी, केनेडी सचदेवा आदि थे।

# राज्य कर विभाग के तीन अधिकारी निलंबित

देहरादून( उद संवाददाता)। जीएसटी चोरी की शिकायतों पर कार्रवाई करने में लापरवाही बरतने पर राज्य कर विभाग के तीन अधिकारियों को निलंबित किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मंजूरी के बाद शासन ने निलंबन के आदेश जारी किए। तीनों अफसर विभाग में प्रवर्तन और सचल दल इकाई में तैनात थे।सचिव वित्त दिलीप जावलकर ने तीनों अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए संयुक्त आयुक्त प्रवर्तन वीपी सिंह, सहायक आयुक्त सचल दल इकाई डॉ. कुलदीप सिंह और उपायुक्त प्रवर्तन यशपाल सिंह को निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में वीपी सिंह को अपर आयुक्त राज्य कर मुख्यालय और कुलदीप सिंह व यशपाल सिंह को संयुक्त आयुक्त कार्यालय देहरादून संभाग में संबद्ध किया गया है।प्रदेश सरकार जीएसटी चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। सरकार को रेलवे पार्सल के जरिये बाहरी राज्यों से आ रहे माल में टैक्स चोरी की जानकारी मिली थी। इस पर 10 मई 2023 को शासन ने तीनों अधिकारियों को रेलवे के माध्यम से आने वाले माल की जांच करने के निर्देश दिए थे। साथ ही 22 व 28 जून को भी राज्य कर मुख्यालय को जीएसटी चोरी होने की गोपनीय सूचना मिलने पर अधिकारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। लेकिन अधिकारियों ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। 9 जुलाई को प्रशासन व विभाग की संयुक्त टीम ने दून रेलवे स्टेशन पर औचक निरीक्षण कर बिना बिल का सामान जब्त किया। इसके बाद जीएसटी चोरी रोकने में लापरवाही बरतने पर सरकार ने तीनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

# रामनगर में डेंगू ने दी दस्तक सावधानी बरतने की अपील

रामनगर( उद संवादाता)। रामनगर में भी अब डेंगू बीमारी का प्रकोप लगातार बढ़ने लगा है। इस बीमारी को लेकर अब लोग काफी परेशान है तो वही बीमारी से निजात को लेकर चिकित्सकों द्वारा भी लापरवाही न बरतने की सलाह मरीजों को दी जा रही है आपको बता दें कि रामनगर में स्थित प्राइवेट अस्पताल बृजेश अस्पताल में पिछले 3 से 4 दिनों में लगातार डेंगू मरीजों की संख्या बढ़ रही है प्राइवेट अस्पताल के एमडी डॉ अभिषेक अग्रवाल ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि शहर में अब डेंगू का प्रकोप बढ़ने लगा है तथा उनके यहां रोज खांसी बुखार के मरीज उपचार के लिए आ रहे हैं जिनमें से कई मरीजों में जांच कराने के बाद डेंगू की पुष्टि हुई है उन्होंने बताया कि कुछ मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई थी लेकिन उनकी हालत खतरे से बाहर थी तो ऐसे मरीजों को उपचार के बाद भेज दिया गया है तो वहीं उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में उनके अस्पताल में डेंगू बीमारी से पीड़ित 3 मरीज भर्ती हैं जिनको उपचार चल रहा है उन्होंने सभी लोगों से इस बीमारी से बचने को लेकर अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने घरों में साफ–सफाई रखने के साथ ही घर में वह घर के बाद गंदा पानी एकत्रित ना होने दें यदि किसी भी मरीज को बुखार या खांसी की शिकायत होती है तो लापरवाही ना बरतें ऐसे मरीज तुरंत चिकित्सकों से सलाह लें।

# राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिये खिलाड़ियों का कल होगा चयन

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। एमेच्योर कराटे–डू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से उत्तराखंड राज्य कराटे टीम की चयन प्रकिया के लिए रविवार को श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला रुद्रपुर में ट्रायल होगा। जानकारी देते हुए एमेच्योर कराटे–डू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव सिहान किशोर सिंह ने बताया कि 10 से 12 अगस्त 2023 को तेलंगाना हैदराबाद में एकेएफआई नेशनल कराटे फेडरेशन के नेतृत्व में चतुर्थ राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। और उन्होंने आगे बताया कि कल 30 जुलाई को श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला रुद्रपुर में राज्य कराटे टीम की चयन प्रक्रिया की जाएगी। जिसमें सबजूनियर, कैडेट, जूनियर, सीनियर बालक व बालिका वर्ग के विभिन्न आयु वर्गो की कुमिते तथा काता स्पर्धा के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए खिलाड़ियों को पंजीकरण कराना होगा। इसके लिए उन्हें आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं दो पासपोर्ट फोटो सहित उपस्थित होना होगा । सिहान किशोर ने कहा कि राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने से पूर्व एक सप्ताह का नि:शुल्क कराटे प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें खिलाड़ियों को कुमीते एवं काता का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# चन्द्रेक बिष्ट बने पत्रकार प्रेस परिषद के कुमांऊ महासचिव

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। पत्रकार प्रेस परिषद के कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी ने वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रेक बिष्ट को संगठन का कुमांऊ महासचिव मनोनीत किया है। महासचिव बनने पर पर नैनीताल और उधम सिंह नगर जनपद के तमाम पत्रकारों ने चन्द्रेक बिष्ट को बधाई दी है। अपने मनोनयन पर चन्द्रेक बिष्ट ने कुमांऊ प्रभारी अशोक गुलाटी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कुमांऊ में संगठन को मजबूत बनाने और पत्रकारों को एकजुट करने के लिए विशेष प्रयास किये जायेंगे। साथ ही पत्रकारों की समस्याओं का शासन स्तर से निस्तारण कराना भी उनकी प्राथमिकता होगी। चन्द्रेक बिष्ट के मनोनयन पर नैनीताल एवं उधम सिंह नगर इकाई के पदाधिकारियों और सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।



# उत्तराखंड को क्षेत्रवाद की आग में झोंकना चाहती है कांग्रेस: भावना

रुद्रपुर( उद संवाददाता)।भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा व उनके नेताओ के बयान पर घोर आपत्ति जतायी है । उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज्य को क्षेत्रवाद के आग में झोंक कर अपनी राजनैतिक रोटियां सेकना चाहती है । प्रदेश महामंत्री ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का बयान गढ़वाल ही नही बल्कि पूरे उत्तराखण्ड की जनता को अपमानित करने वाला है।उन्होंने कहा कि इस पार्टी के डी एन ए में ही बटवारे की राजनीति करना है। दशकों से कांग्रेस लोगो को क्षेत्रवाद,धर्म,सम्प्रदाय की राजनीति में बांटकर उनका राजनैतिक लाभ लेने की कोशिश करती आयी है लेकिन अब जनता ने काँग्रेस की तोड़ो और राज करो कि नीति को नकार दिया है। मेहरा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व उनके अन्य नेताओ द्वारा दिये जा रहे बयान उनकी सत्ता लोलुपता व राजनैतिक बोखलाहट को प्रदर्शित कर रहे है। उन्होंने कहा कि अपनी सभाओं में जनता की भीड़ न जुटती देख कांग्रेस नेता इस तरह की बयानबाजी कर रहे है।

# गायन प्रतियोगिता का सेमीफाईनल कल

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। लोक रचना समिति द्वारा हर वर्ष आयोजित होने वाली स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता का सेमीफाईनल कल रूद्रा होटल में आयोजित होगा। जानकारी देते हुए संयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार केवल कृष्ण बतरा ने बताया कि लोक रचना समिति पिछले कई वर्षों से स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता का आयोजन करती आ रही हैं। इस बार भी प्रतियोगिता का आयोजन सीनियर जूनियर और सब जूनियर तीन वर्गों में कराया जा रहा है। पिछले दिनों गायन प्रतियोगिता के लिए ऑडिशन कराया गया था जिसमें प्रतिभागियों की आवाज को परखा गया और उसके आधार पर तीनों ग्रुपों में 12–12 प्रतिभागियों का चयन सेमीफाईनल के लिए किया गया। सेमीफाईनल राउंड का आयोजन रविवार को 3 बजे से रूद्रा होटल में किया जायेगा। जबकि फाईनल राउण्ड सोमवार शाम को रूद्रा होटल में आयोजित होगा। फाईनल राउण्ड में तीनों वर्गों में बेस्ट सिंगर चुने जायेंगे साथ ही अन्य प्रतिभागियों को भी पुरस्कार से नवाजा जायेगा।

# कॉमरेड चारू मजूमदार को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाकपा (माले) की रुद्रपुर ब्रांच ने पार्टी के प्रथम महासचिव कॉमरेड चारू मजूमदार की शहादत दिवस पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता कांग्रेस निशांत सिंह ने कहा कि चारू मजूमदार के नेतृत्व में किसानों का ऐतिहासिक नक्सलबाड़ी आंदोलन हुआ। जिसकी बदौलत पूरे देश में गरीबों को सीलिंग एक्ट से निकली हुई जमीन देने की मांग की गई। चारू मजूमदार ने 1969 में भाकपा (माले) की स्थापना की और मजदूर– किसानों के राज की स्थापना के लिए संघर्षों में अपने प्राण तक निछावर किये। कम्युनिस्ट पार्टी (माले) हमेशा उनसे प्रेरणा लेती रहेगी और अपने आपको क्रांति के लिए तैयार करेगी और मेहनतकश मजदूर– किसानो के संघर्ष में हमेशा अगुवा भूमिका निभाती रहेगी। जिला सचिव ललित मटियाली ने कहा कि फासीवाद से लड़ाई में कॉमरेड चारु मजूमदार हमारी पार्टी के लिए प्रेरणा श्रोत बने रहेंगे। श्रद्धांजलि देने वालों में जिला सचिव ललित मटियाली , अमनदीप कौर, प्रकाश सिंह, नवजोत सिंह, दर्शन सिंह, महेंद्र मौजूद थे।



# बर्तनों के साथ चोर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा पुलिस टीम ने चोरी के बर्तनों सहित आरोपी चोर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 16 जुलाई को सरिल गोयल पुत्र राकेश चन्द्र गोयल निवासी रेलवे बाजार ने रपट दर्ज कराई थी कि 14 जुलाई की रात्रि उसके पुरतेनी मकान के पीछे के दरवाजे को तोड़कर वहां रखे पुरानी कांसे तांबे पीतल स्टील लोहे के बर्तन व अन्य घर का सामान चोरी हो गया है।मामले के खुलासे के लिए उनि संजीत कुमार राठौड़, कानि. अतहर, विनोद नाथ गोस्वामी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के आरोपी दीवान पुत्र स्व. प्रीतम निवासी गफूर बस्ती थाना बनभूलपुरा तथा माल खरीदने वाले कबाड़ी मो. रईस उर्फ कल्लन एवं मुर्तजा उर्फ अय्या को पकड़ लिया। जिनसे पूछताछ के बाद वांछित अभियुक्त अमान मोटा पुत्र अतीक अहमद निवासी वेस्टीगंज किदवई नगर वार्ड 24 थाना बनभूलपुरा को मुखबिर की सूचना पर गफूर बस्ती रेलवे पटरी के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का माल पीतल धातु के वर्तन पतीली, लोटा, डोगा व प्लेट बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त पूर्व में भी चोरी चकारी में जेल जा चुका है।



# झा कॉलेज में डिंपी शर्मा पीटीए अध्यक्ष निर्वाचित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अटल उत्कृष्ट आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज में अभिभावक अध्यापक एसोसिएशन का गठन किया गया जिसमें श्रीमती डिंपी शर्मा को सर्वसम्मति से पीटीए का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर सैकड़ों अभिभावक उपस्थित थे। इसके साथ ही विद्यालय में शैक्षिक माहौल और बेहतर बनाने के लिए अनेक सुझाव पर विचार किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि छात्रों को विद्यालय में मोबाइल लाने पर प्रतिबंध लगाया जाए। बोर्ड परीक्षा फल को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। सभी वक्ताओं ने अभिभावकों के छात्र हित में योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडे को पदेन उपाध्यक्ष तथा गिरीश शर्मा को सचिव पद पर नामांकित किया गया। इसके अलावा वीरेंद्र कुमार, ओमकार, आशीष कुमार, श्रीमती दुर्गावती तिवारी, श्रीमती चंपा बिष्ट, श्रीमती नीलम यादव, श्रीमती इंदिरा ग्वासकोटी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, मनोज कुमार पांडे को समिति का सदस्य चुना गया। इस अवसर पर राजपति बिंद, कुलदीप कुमार गहलोत, यतेंद्र सिंह यादव, कृपाल सिंह कंबोज, गजेंद्र सिंह सिकरवार, डॉ विपिन गुप्ता, प्रमोद बाबू शर्मा, नर नारायण वर्मा, श्रीमती कमला पांडे, श्रीमती पूजा बत्रा, श्रीमती विनीता दुबे, श्रीमती सायरा खातून, श्रीमती ज्योति थापा, कृष्ण राम आर्य, भरत मिश्रा, मोहम्मद लुकमान, डीके शुक्ला सीपी यादव, जगदीश भट्ट, विरेंद्र ध्यानी, महेंद्र कुमार, वीरेश्वर मंडल सहित कई अभिभावक तथा शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# किच्छा के 21 विद्यालयों का होगा पुनरोद्धार: बेहड़

किच्छा(उद संवाददाता)। क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़ ने अपने किच्छा आवास विकास स्थित कार्यालय में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की जिसमें उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्राथमिक स्कूलों, जूनियर स्कूलों, हाइस्कूल तथा इंटर कालेजों की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए जिसमें विधानसभा के समस्त प्राथमिक स्कूल जूनियर स्कूल तथा हाईस्कूल तथा इन्टर कालेजो के अंतर्गत अध्यनरत छात्र छात्राओं की संख्या ,विद्यालय भवनों की वर्तमान स्थिति का एक उल्लेख तैयार किया जाए। विधायक बेहड़ ने अधिकारियों से 10 दिन के अन्दर एक बुकलेट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए जिसमे विधानसभा के जितने भी के जर्जर स्थिति में विद्यालय है ताकि उनका उद्धार किया जाएद्य तथा विधानसभा में पड़ने वाले विद्यालय जिनका उच्चीकरण कराया जाना चाहिए और जिनके उच्चीकरण कराये जाने की विधायक के द्वारा सरकार से मांग की गयी है उस पर भी विस्तृत चर्चा की। विधायक बेहड़ ने सभी अधिकारियों को जल्द से जल्द विधानसभा के सभी विद्यालयों की वर्तमान स्थिति से अवगत करने की एक रिपोर्ट तैयार करने को कहा जिसमे विधानसभा के प्रतेक



विद्यालय में छात्र छात्राओं की संख्या तथा उन विद्यालयों में शिक्षकों की संख्या तथा शिक्षकों की कमी की जानकारी मांगी साथ ही विधानसभा में शिक्षा का स्तर अच्छा किए जाने हेतु सुझाव भी मांगे। विधायक बेहड़ ने कहा कि वे स्वयं अपनी विधानसभा में 5 वर्ष के अपने इस कार्यकाल में 21 विद्यालय का पुन: उद्धार कराएँगे इसकी शुरुवात उन्होंने आनंदपुर प्राथमिक विद्यालय से कर दी है और अधिकारियों के द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बाद कुछ विद्यालयों का उद्धार जिलाधिकारी से मिलकर उनके माध्यम से करवाया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि विधानसभा में कुछ विद्यालय जो बहुत ही जर्जर हालत में है उनके उद्धार के लिए विधानसभा के उद्योगों तथा प्रमुख उधमियों से वार्ता की जायेगी तथा उसने भी किच्छा विधानसभा के विद्यालय को गोद दिए जायेंगे तथा विद्यालयों के पुन: उद्धार कराये जाने की मांग की जाएगी। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक जीएस राजपूत ,खंड शिक्षा अधिकारी डा० राजेन्द्र यादव तथा बीआर सी रुद्रपुर कैलाश चन्द सक्सेना,सीआरसी बंडिया मोहम्मद आरिफ मलिक, सीआरसी नारायणपुर अजीत मिश्रा,सीआरसी दरऊ दीपक वर्मा, सी आर सी बरा खेमकरण शर्मा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# विचाराधीन तलाक के मामले को सोशल मीडिया पर किया वायरल

## आरोपी के खिलाफ नोटिस जारी

काशीपुर(उद संवाददाता)। परिवार न्यायालय में तलाक का एक मामला विचाराधीन होने के बावजूद बिहार निवासी एक शख्स ने दंपति के निजी जीवन से जुड़े मामले की वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड कर सार्वजनिक कर दिया। इस मामले में पीड़ित महिला ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से आरोपी युवक को कानूनी नोटिस भेजकर न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुत करने की बात कही है। ज्ञातव्य है कि कुंडेश्वरी निवासी एक महिला का पिछले कुछ समय से कटघर जनपद मुरादाबाद निवासी पति से वैचारिक मतभेद के चलते तलाक का मामला परिवार न्यायालय में लंबित है। आरोप है कि दंपति के निजी मामले की वीडियो को बिहार के पश्चिमी चंपारण निवासी उपेंद्र कुमार नामक युवक ने सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर अपलोड कर इसे सार्वजनिक कर दिया जो पूरी तरह गैर कानूनी है। इस तरह के मामलों का प्रकाशन न्यायालय के बगैर अनुमति के कदापि नहीं किया जा सकता। इसी मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक को कोर्ट से नोटिस भेजी गई है। 15 दिन के भीतर उसे न्यायालय में उपस्थित होकर साक्ष्य देने होंगे कि उसने किस आधार पर इस न्यूज को सार्वजनिक किया।इस मामले में सामाजिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने युवक की हरकत पर सख्त एतराज जताया। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ संबंधित थाने में अभियोग पंजीकृत कराया जाएगा तो वहीं दूसरी ओर पीड़िता भी जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत पत्र देकर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्यवाही की रूपरेखा तैयार कर रही है। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान यदि दोष सिद्ध पाया जाता है तो आरोपी को संबंधित धाराओं में गिरफ्तार किया जाएगा।

# कार्यकर्ता जन जन तक पहुंचायें सरकार की नीतियां: जोशी

खटीमा (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की जन संवाद बैठक अमाउ में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष जीवन नाम एवं संचालन नगर महामंत्री मनोज वाधवा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता रमेश जोशी ने कहा कि जनसंवाद बैठकों का मुख्य उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं जनता एवं पदाधिकारियों के बीच आपसी तालमेल स्थापित करना है एवं भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री के हाथों को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना पड़ेगा। आपसी मनमुटाव छोड़कर सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता एक मंच पर आकर भारत जनता पार्टी के विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का काम करें एवं प्रयास करें कि सरकार द्वारा लागू की जा रही योजनाएं आम आदमी तक पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में योजनाएं सिर्फ कागजों तक सीमित रहती थी। परंतु मौजूदा भारतीय जनता पार्टी की सरकार में योजनाएं लागू भी हो रही है और आम जनता को उनका लाभ मिल रहा है यही



भारतीय जनता पार्टी की उपलब्धि है। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी की महिला प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनी पोखरिया ने कहा विश्व की नंबर एक पार्टी भारतीय जनता पार्टी महिलाओं बुजुर्गों शिक्षकों व्यापारियों युवाओं छात्र-छात्राओं के लिए बहुत सी योजनाएं लागू कर रही है और आने वाले समय में ऐसी बहुत सी योजनाएं धरातल पर लागू की जाएंगी जिससे आम व्यक्ति का जीवन स्तर सुधर सके उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम सभी जाति वर्ग के लोगों को एकजुट कर सकें। बैठक में भाजपा नगर अध्यक्ष जीवन सिंह धामी, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश जोशी (रामू भैया) ,पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी,कोऑपरेटिव टीवीएस अध्यक्ष गोपाल बोरा, नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा धाना भंडारी ,जिला उपाध्यक्ष सावित्री कन्याल, संगीता राणा, निर्मला धामी पार्वती कश्यप ,राहुल चौहान, राहुल सक्सेना सुरेश जीना, विनोद कुमार, मनोज सिंह, धर्मेंद्र कश्यप ,कार्यक्रम संयोजक ओमप्रकाश मौर्य आदि उपस्थित थे।

# चोरी की योजना बनाते दो शातिर दबोचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रात्रि गश्त के दौरान चोरी की योजना बनाते हुए 2 शातिर युवकों को बनभूलपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में उनि संजीत कुमार राठौड़, कानि. मौ.अतहर, विनोद नाथ गोस्वामी द्वारा क्षेत्र में रात्रि गश्त के दौरान वोल्गा होटल के पीछे रेलवे पटरी के पास चोरी की योजना बना रहे दो शातिर युवकों आसिफ पुत्र मो. युसुफ निवासी गफूर बस्ती वार्ड 24 तथा अजीम पुत्र मो. सलीम निवासी गफूर बस्ती वार्ड 24 को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से आलानकब, चाबी का गुच्छा, टॉर्च, पेचकस, सरिया प्लास, बरामद किया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वह यहां चोरी करने के लिए योजना बना रहे थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त अजीम पूर्व में भी चोरी व मादक पदार्थ की तस्करी में जेल जा चुका है। वहीं आसिफ चाकू के साथ पूर्व में पकड़ा जा चुका है।




श्री बांके बिहारी की कृपा से

**श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा एवं श्री खाटू श्याम यात्रा**

दिनांक-30 जुलाई से 10 अगस्त 2023 तक

● AC वाल्वो बस ● विभिन्न मन्दिरो के दर्शन
● भोजन की सुविधा ● ठहरने की उचित व्यवस्था

प्रति व्यक्ति किराया मात्र 15,000/- रूपये

यात्रा के लिये श्री मन्दिर मनकामेश्वर मन्दिर, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर से 30 जुलाई को वाल्वो एसी बस जा रही है। इस परिक्रमा यात्रा में जो भी श्रद्धालु जाने का इच्छुक हो, वह निम्न मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी सीट सुरक्षित करा सकता है।

सम्पर्क करे-7248133444,8476003072


# तीन गौमांस तस्करों को पांच पांच वर्ष का कठोर कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गोमांस के साथ पकड़े गए तीन आरोपियों को एसीज्एम/सिविल जज सीनियर डिविजन श्वेता पांडे ने पाँच पाँच वर्ष के कठोर कारावास एवं पाँच पाँच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।सहायक अभियोजन अधिकारी दिलीप अरोड़ा ने बताया कि 8 जून 2012 की प्रात: करीब छह बजे उप निरीक्षक कमाल हसन ने पुलिस टीम के साथ पुलभट्टा चौकी के पास से गुजर रहे ट्रक नंबर यूपी 06सीएच4881 को रोक कर उसकी तलाशी ली तो देखा कि वह ट्रक गौमॉस से भरा हुआ था। ट्रक में बैठे मोहल्ला इस्लाम नगर थाना देवरनिया जिला बरेली निवासी इन्तजार अहमद पुत्र जलील अहमद ,मौ०अकरम पुत्र मौ०असलम तथा जमील अहमद पुत्र रफीक अहमद से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि हम गौमांस से भरे ट्रक को रामपुर बेचने के लिए ले जा रहे हैं । पुलिस ने तीनों का धारा 3/5/6/11 उत्तराखंड गोवंश संरक्षण अधिनियम के तहत चालान कर जेल भेज दिया ।तीनों के विरूद्ध एसीजेएम/ सिविल जज सीनियर डिविजन श्रीमती श्वेता पाण्डे की कोर्ट् में मुकदमा चला जिसमें सहायक अभियोजन अधिकारी दलीप अरोरा ने 8 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद न्यायाधीश महोदय द्वारा तीनों को 5-5 वर्ष के कठोर कारावास और 5000-5000 रूपये जुर्माने की सजा सुना दी ।

# चैक बाउंस मामले में एक वर्ष का कारावास और पांच लाख जुर्माना

रूद्रपुर(उद संवाददाता) ।चैक बाउंस के मामले में एसीजेएम/प्रथम अपर सीनियर सिविल जज नाजिश कलीम ने मुलजिम को एक वर्ष के कठोर कारावास और 5 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुना दी ।आदर्श कालोनी रूद्रपुर निवासी राजीव कुमार ग्रोवर ने एसीजेएम/प्रथम अपर सीनियर सिविल जज रूद्रपुर नाजिश कलीम की अदालत में प्रीतनगर,रामनगर,भमरौला निवासी रोहित पुत्र छेदीलाल के विरूद्ध धारा 138 एनआई एक्ट के तहत 17-03-2017 को मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा कि उसकी रोहित से मित्रता थी और रोहित द्वारा अपनी पारिवारिक परेशानियों को बताते हुए मई 2016 में गवाह के सामने उससे 4,50,000 रूपये उधार लिये और पॉच माह में वापस देने का आश्वासन दिया। मियाद अवधि के व्यतीत होने पर रुपये वापिस मॉगे पर रोहित बहाने बनाकर टालमटोल करता रहा। दबाव डालने पर 10-11-2016 को रोहित ने अपने बैंक खाते का 4,50,000 रूपये का चैक दिया जिसे राजीव कुमार ग्रोवर ने अपने बैंक खाते में जमा करवाया पर वह बाउंस हो गया ।राजीव ने अपने अधिवक्ता के जरिए नोटिस भेजा परन्तु उसने कोई जवाब नहीं दिया जिसके बाद राजीव द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से रोहित के विरूद्ध कोर्ट्में मुकदमा दर्ज कराया जिसमें सुनवाई के बाद एसीजेएम/प्रथम अपर सीनियर सिविल जज नाजिश कलीम ने रोहित को धारा 138 एनआई एक्ट का दोषी करार देते हुए एक वर्ष के कठोर कारावास और 5 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुना दी साथ ही कहा कि जुर्माने की धनराशि में से 4,80,000 रूपये बतौर प्रतिकर परिवादी राजीव कुमार ग्रोवर को देय होगा ।

# छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

गदरपुर (उद संवाददाता)। यहां राजकीय महाविद्यालय में छात्राओं को संकट के समय आत्मरक्षा के लिए किए जाने वाले आवश्यक उपायों से सम्बन्धित एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शकुंतला साह हेड कांस्टेबल , थाना गदरपुर व उनके साथ आई कराटे एक्सपर्ट कु. मुस्कान मेहर द्वारा महाविद्यालय के महिला उत्पीड़न प्रकोष्ठ तथा कौशल विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में छात्राओं को कराटे का प्रशिक्षण दिया गया। कु. मुस्कान मेहर ने छात्राओं को आत्मरक्षा हेतु कुछ जानकारी प्रदान करने के साथ डेमो भी दिखाया।



उन्होंने कहा कि जीवन में आत्मरक्षा के लिए कराटे सीखना बहुत लाभकारी होता है। क्योंकि विषम परिस्थितियों में कराटे प्रशिक्षण ही छात्राओं को आत्मरक्षा में सहायक साबित होता है।शकुंतला साह ने पुलिस द्वारा कुछ छात्राओं को नि:शुल्क कराटे सिखाने हेतु उनके नाम भी लिखे।

## कार्यालय नगर पंचायत शक्तिगढ़, ऊधम सिंह नगर

पत्र सं0. 145 निर्माण कार्य / 2023-24 | दिनांक 28/07/2023
ई-मेल आई०डी०-nagarpanchayatshaktigarh@gmail.com | टोल फ्री नं0 18005725154

### निरस्तीकरण सूचना

निकाय के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग के अर्न्तगत निर्माण कार्यों की निविदायें दिनांक 01/08/2023 को अपरान्ह 01 :00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत शक्तिगढ़ के पत्र सं0 140 / निर्माण कार्य / 2023-24 दिनांक 24/07/2023 के माध्यम से उत्तरांचल दर्पण के अंक दिनांक 26 जुलाई 2023 के पृष्ठ सं0 02 एवं दैनिक जागरण के अंक दिनांक 26 जुलाई 2023 के पृष्ठ सं0 6 पर प्रकाशित किया गया है जिसको अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत शक्तिगढ़
ऊधम सिंह नगर

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत शक्तिगढ़
ऊधम सिंह नगर

# 'धाकड़ धामी' के समक्ष अब 'ड्रग्स जिहाद' की चुनौती

## उत्तराखंड के युवाओं को खोखला कर देने की मुहिम में जुटे ड्रग्स माफिया, एसटीएफ की 'टॉपटेन' ड्रग्स कारोबारियों की सूची में 'टॉपनाईन' समुदाय विशेष के, बरेली के बड़े तस्करों से जुड़े हैं तार

-अर्श-

रूद्रपुर। लव जिहाद एवं लैंड जिहाद के बाद अब उत्तराखंड सरकार के समक्ष अब एक अजीब तरह का जिहाद,एक कठिन चुनौती के रूप में सामने आया है। गौरतलब है कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पिछले दिनों जबरिया धर्म



परिवर्तन पर बेहद सख्त कानून लाकर राज्य के भीतर लव जिहाद पर नकेल कसने की कोशिश करने के साथ , ही सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए एक आक्रामक अभियान चलाकर, राज्य के तमाम लैंड जिहादियों को नेस्तनाबूद कर के रख दिया है। सूबे के मुखिया के इस कदम से बौखलाए समुदाय विशेष के जिहाद प्रेमियों ने अब उत्तराखंड के भीतर एक अलग तरह के जिहाद की जमीन तैयार करने की कोशिशें आरंभ कर दी है ।जिहाद का यह स्वरूप अब तक सामने आए लव जिहाद एवं लैंड जिहाद के स्वरूप से भिन्न होने के साथ ही उनकी तुलना में बेहद खतरनाक भी है, क्योंकि इसके द्वारा समूचे उत्तराखंड के युवाओं





की रगों में खून के बजाय ड्रग्स दौड़ाने का बेहद घिनौना खेल खेला जा रहा है। उत्तराखंड में तेजी से अपनी जड़े जमा रहे इस जिहाद का नाम है – 'ड्रग्स जिहाद' । जिसके तहत एक समुदाय विशेष के ड्रग्स कारोबारियों ने उत्तराखंड के तकरीबन सभी प्रमुख शहरों में अपना सिंडिकेट स्थापित कर लिया है और अब वे नशे की अपने कारोबार को गांव और मोहल्लों तक पहुंचाने की दिशा में बड़ी तेजी से काम कर रहे हैं। बताना होगा कि उत्तराखंड एसटीएफ ने हाल ही में राज्य के टॉपटेन ड्रग्स माफियाओं की सूची जारी की है, जिसमें से टॉप नाईन समुदाय विशेष के हैं। एसटीएफ के अनुसार समुदाय विशेष के इन ड्रग्स कारोबारियों के तार बरेली के बड़े ड्रग्स तस्करों से जुड़े हुए हैं ।एसटीएफ की सूची में देहरादून शहरी क्षेत्र के अकीम और यूसुफ के नाम हैं, जोकि एक बड़ा नेटवर्क देहरादून के पछुवा इलाके के कॉलेज यूनिवर्सिटी क्षेत्र और मसूरी के आसपास चला रहे हैं । इस सूची में अगले नाम डोईवाला क्षेत्र के जाकिर, वासिम, इल्ताफ अहमद और इश्तियाक के हैं, जोकि देहरादून हरिद्वार ऋषिकेश, मुनि की रेती नरेंद्र नगर तक अपना नेटवर्क फैलाए हुए हैं । नैनीताल शहर से मेहबूब का नाम टॉप टेन की सूची में है ।बताया जाता है कि इसका नेटवर्क कालाढूंगी और भवाली तक फैला हुआ है। कॉर्बेट सिटी रामनगर के शाहू खान का नाम भी टॉपटेन की सूची में शामिल है, जोकि अब एक बड़ा ड्रग माफिया बन चुका है और बाजपुर, काशीपुर से लेकर जसपुर तक सक्रिय है। इसके अलावा उधम सिंह नगर जिले से सलीम नामक ड्रग तस्कर का नाम टॉप टेन की सूची में शामिल है। वही टॉपटेन में एक मात्र गैर मुस्लिम तस्कर राजेश साहू है जोकि हल्द्वानी का रहने वाला है ।इसके बारे में बताया गया है कि इसकी एक अलग ही टीम है ,जो कुमाऊं के पहाड़ी क्षेत्रों में बड़े ही व्यवस्थित तरीके से व्यवस्थित एवं गुप्त तरीके से ड्रग्स की सप्लाई करती है । यहां यह स्पष्ट करना होगा की उत्तराखंड एसटीएफ राज्य के मुख्यमंत्री के निर्देश पर इन दिनों खास तौर से सक्रिय है और राज्य के भीतर सक्रिय सभी ड्रग्स तस्करों की कुंडली तैयार करने में लगी है। इस क्रम में एसटीएफ ने यह भी पता लगाया है कि ड्रग्स माफिया ड्रग्स की सप्लाई के लिए नित नए तरीके खोज रहे हैं और अब उन्होंने फूड सप्लाई चैन से जुड़ी जोमैटो , स्वीगी आदि कंपनियों के डिलीवरी ब्वॉय को ड्रग पेडलर के रूप में इस्तेमाल करना आरंभ कर दिया है ।फूड सप्लाई चौन से जुड़ी कंपनियों के डिलीवरी बॉयज को ड्रग सप्लाई का मोहरा बनाए जाने संबंधी इनपुट प्राप्त होने के बाद अब उत्तराखंड पुलिस ने राज्य के भीतर काम करने वाले डिलीवरी बॉयज की कुंडली खंगालनी आरंभ कर दी है। उत्तराखंड एसटीएफ एवं उत्तराखंड पुलिस द्वारा ड्रग्स माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे इस ताजा अभियान की मॉनिटरिंग ,राज्य मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं कर रहे हैं और उन्होंने 2025 तक उत्तराखंड को नशा मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है ।

# विधायक बेहड़ ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने शुक्रवार को नगर पालिका किच्छा द्वारा निर्मित कराये गए तीन विकास कार्य का लोकार्पण किया जिनकी कुल लागत लगभग 90 लाख रूपये की है। बेहड़ ने किच्छा नगर



पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली के साथ सयुक्त रूप से वार्ड न०-20 की सिंह कालोनी में डॉ गुरजीत सिंह लाड़ी के मकान से नरेंद्र सिंह के मकान तक 24. 47 लाख की लागत से निर्मित 150 मीटर टाईल्स सडक तथा नाली निर्माण कार्य का लोकर्पण नारियल फोडकर किया सभी वार्ड वासियों ने उनका स्वागत किया ।इसके पश्चात सरस्वती नगर वार्ड न०-09 मैं डाक्टर दर्शन सिंह के मकान से मनिंदर सिंह के मकान तक लगभग 13 लाख की लागत से निर्मित टाईल्स सडक तथा नाली कार्य का लोकार्पण किया इसके बाद वार्ड न०-09 में विक्की कालोनी में विक्की अरोरा व् गोपाल मिश्रा के मकान तक व संलग्न गली सहित तथा निर्माण गंगवार के मकान से किरण वर्मा के मकान तक 53 लाख की लागत से निर्मित 530 मीटर सी सी सड़क का लोकार्पण किया। इस मौके पर विधायक बेहड़ ने कहा की किच्छा के विकास में किसी भी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी जायेगी नगर पालिका के साथ समन्वय स्थापित करके विकास कार्यो को विधायक निधि तथा नगर पालिका द्वारा पूरे कराये जा रहे है ,साथ ही वे लगतार गाँव तथा शहर में भी समन्वय बनाकर विकास कार्यो को अंजाम दे रहे है ताकि कोई भी क्षेत्र विकास से अछूता न रहे। नगर पालिका दर्शन कोली ने कहा कि नगर पालिका किच्छा द्वारा बनाये गए लगभग 80 लाख की लागत से निर्मित 3 सड़कों का उद्घाटन माननीय तिलक राज बेहड़ जी के करकमलो द्वारा किया गया है तथा उनके सानिध्य मैं ही जल्द बहुत से नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यो का लोकार्पण किया जायेगा और किच्छा के चोमुखी विकास करने में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, किन्नू शुक्ला,राजेश प्रताप सिंह ,सुनील ठाकुर,ओम प्रकाश दुआ महिला नगर कांग्रेस कमेंटी अध्यक्ष सिमरन जीत कौर, सुनीता कश्यप ,विजय यादव ,लाला यादव ,गिरीश चंद चिटकारा, ,सुनीता कश्यप लियाकत अंसारी , तोशिब अंसारी ,अफसार कुरैशी ,जगरूप सिंह गोल्डी ,मो. आरिफ,हरभजन सिंह ,डाक्टर गुरजीत सिंह लाड्डी,नितिन शर्मा,विक्की अरोरा ,मनेन्द्र सिंह , जितेन्द्र संधू ,फरियाद शाह,रणजीत सिंह ,परगट सिंह ,राजीव कुमार ,रंजोत सिंह ,अभिजोत सिंह, ,कलावती ,छोटू कोली,मिस्बाउल कुरैशी,मीनाक्षी रानी ,प्रेमा भट्ट ,फुला रानी ,अंसारी बेगम,रेखा ,सावित्री देवी,बीना ,शबाना ,रेखा ,मीनू ,पुष्पा,राम विरत ,राविया आदि लोग उपस्थित रहे।

# डकैती की योजना बना रहे आठ बदमाश दबोचे

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। सितारगंज व शक्तिफार्म क्षेत्र में डकैती की योजना बना रहे 8 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बदमाशों के पास से अवैध तमंचे, चाकू सहित अन्य सामान को भी बरामद किया है। सभी के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सितारगंज पुलिस ने विगत मध्यरात्रि को जेल कैंप पुराने प्राइमरी स्कूल के पास से आठ लोगों को संदिग्ध पाकर उनसे पूछताछ की तो पता चला कि वह




सभी शक्तिफार्म व सितारगंज क्षेत्र में लूटपाट-डकैती की योजना बना रहे थे। आरोपितों ने अपना नाम शक्तिफार्म निवासीगण राज मिर्धा पुत्र सुशील, देवाशीष विश्वास पुत्र सुनील, गोकुल विश्वास पुत्र निमाई विश्वास, आकाश मंडल पुत्र तारक मंडल, दीपक विश्वास पुत्र फूलमोहन विश्वास, सुमन सरकार पुत्र माखन सरकार, संजीत बढई पुत्र श्यामल बढई व शुभम सिकदार पुत्र सुधान्य सिकदार बताया। पुलिस ने इनके पास से एक तमंचा, चार चाकू व तीन आला सरिया नकाब बरामद किया।

# श्री राम कथा में सुनाया राम भरत मिलाप का वृतांत

## चुघ ने सपरिवार कथा व्यास आचार्य नीरजा से लिया आर्शीवाद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तरांचल युवा पंजाबी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने गत सायं श्री अनंत प्रेमाश्रम नंगली धाम आदर्श कालोनी में आयोजित की जा रही श्री राम कथा के छठे दिन सपरिवार पहुंचकर कथा व्यास आचार्य नीरजा शरणार्थी एवं पूज्यनीय निष्ठानंद जी महाराज का माल्यार्पण कर स्वागत किया और चरण स्पर्श कर आर्शीवाद लिया। तत्पश्चात कथा व्यास ने श्री चुघ को शॉल ओढ़ाकर उन्हें आर्शीवाद दिया। कथा व्यास ने श्री राम कथा में राम भरत मिलाप का वृतांत उपस्थित भक्त जनों को सुनाया। उन्होंने कहा कि माता कैकई सबसे ज्यादा प्यार रामचंद्र जी को करती थी। क्योंकि जब बचपन में माता कैकई रामचंद्र जी को प्यार दुलार कर रही थी तो उन्होंने उनका हाथ रोक कर कहा कि माता जी मेरी एक बात मानोगे। तो उन्होंने कहा तुमने अभी





तक कुछ नहीं मांगा है और तीनो भाई कुछ ना कुछ खिलौने या और अन्य मिठाइयां चीजें मांगते रहते हैं। तुम जो मांगोगे मैं दूंगी। चाहे आने वाले युग में कोई अपनी बेटी का नाम केकई ना रखें या आप विधवा हो जाओ ऐसी भी कोई बात हो तो क्या आप मानोगे।उन्होंने कहा हां मेरे पुत्र को जो अच्छा लगता होगा मैं वही करूंगी मुझे स्वर्ग नरक की कोई परवाह नहीं है। तो श्री रामचंद्र ने उनसे कहा कि जब समय आएगा तो मेरा राजतिलक पूरा होगा उस समय आप भारत के लिए राज्य मांगना और मेरे लिए 14 वर्ष का वनवास। तभी आप मेरी सच्ची मां होगी। उसके पश्चात कथा व्यास जी ने बताया कि रामचंद्र जी सोते थे ना लक्ष्मण जी। जंगलों में सोते थे और भरत जी नहीं सोते थे और शत्रुघ्न जी तो भरत जी के महल के सामने रहकर 14 वर्ष तक जागते रहे। उन्होंने कहा रामायण से हमें माता पिता की आज्ञा का पालन करना, उनकी सेवा करना, भाइयों में आपसी प्यार और विश्वास को बनाना, सास बहू का आदर्श व्यवहार बनाने की शिक्षा मिलती है। कथा के मुख्य जजमान डा .कुलदीप रघुवंशी गुलरभोज वाले, मनोज रघुवंशी एवं उनके परिजन थे। इस मौके पर चेतन खनिजो ,राजू हुड़िया, जसपाल अरोड़ा, गुलशन बजाज, खराती लाल गगनेजा ,जतिन नागपाल, राकेश कालड़ा, हरीश जल्होत्रा, जगदीश टंडन, आशीष अरोरा, राजेंद्र हुड़िया, दिव्यांश, करन अरोरा, सुभाष गगनेजा, रिम्पी हुड़िया, सीमा हुड़िया, सीमा रहेजा, मानसी बत्रा, प्रिया, रिचा गगनेजा, चारु, कीर्ति खनिजो, सपना बत्रा सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# विधायकों के प्रस्तावों पर शीर्ष प्राथमिकता के अनुसार कार्यवाही करने के दिये निर्देश

## एसीएस ने की मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने आज सचिवालय में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सभी विधायकों से अपने-अपने क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए मांगे गए 10-10 प्रस्तावों तथा मुख्यमंत्री द्वारा की गई कुल 110 घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। एसीएस ने उक्त प्रस्तावों एवं मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं पर शीर्ष प्राथमिकता के अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समस्त जिलाधिकारियों से माननीय विधायकों के प्रस्तावों की उपयुक्तता के संबंध में प्राप्त आख्याओं के आधार पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इसके साथ



एसीएस श्रीमती रतूड़ी ने समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि माननीय विधायकों के जिन प्रस्तावों के संबंध में प्रारंभिक परीक्षण में कुछ तकनीकी दिक्कतें परिलक्षित हुई हैं, उनके संबंध में संबंधित मा. विधायकों से चर्चा करते हुए तत्काल यथोचित प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने आज सचिवालय में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा बागेश्वर विधानसभा के लिए की गई कुल 17 घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सीएम घोषणाओं का क्रियान्वयन शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी विभाग टारगेट ऑरियेन्टेड कार्यशैली के साथ सरलीकरण की प्रक्रिया को अपनाते हुए मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर गम्भीरता से कार्य करें। बैठक में विभिन्न विभागों ने घोषणाओं के क्रम में हुई कार्यवाही से अवगत कराया। बैठक में सचिव श्री अरविन्द सिंह ह्यांकी, श्री हरीचंद सेमवाल, अपर सचिव श्री विनीत कुमार, डॉ. अमनदीप कौर, श्री सी. रविशंकर, श्री जगदीश काण्डपाल तथा सम्बन्धित विभागों के अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

## गुरुद्वारा गोल मार्केट में विशेष समागम आज सायं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा गोल मार्केट में आज सायं सात बजे विशेष समागम का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर सिंघ सभा के150 वें वार्षिक समागम की लड़ी का काफिला पहुंचेगा। जिनका सिख परंपरा के अनुसार आदर सत्कार किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए गुरु पंथ के दास प्रीतम सिंह चावला ने बताया कि काफिले में श्री दमदमा साहिब के साबका जत्थेदार ज्ञानी केवल सिंघ जी, श्री गुरु सिंघ सभा, चंडीगढ़ के केंद्रीय प्रधान प्रोफेसर शाम सिंघ जी, केंद्रीय जनरल सेक्रेटरी डा. खुशहाल सिंघ जी, ढाडी जत्था भाई बलवीर सिंघ जी भट्टल भाई, सिख विद्वान स. रविंदर सिंघ जी राही तथा विश्व सिख संगठन के जनरल सेक्रेटरी कर्नल जगतार सिंघ जी मुल्तानी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उक्त सभी पंथ के दास अपने ओजस्वी विचार व्यक्त करेंगे। स. गुरुद्वारा में अटूट लंगर भी बरताया जायेगा। उन्होंने समस्त संगत से आज सायं सात बजे गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा गोल मार्केट में पहुंचकर पंथ के महान विद्वानों के विचार सुनने का आग्रह किया है।

KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ!
वीर
कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन,उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

## चरमराई सफाई व्यवस्था के लिए पालिका चेयरमैन जिम्मेवार: चावला

गदरपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर व्यापार मंडल महामंत्री संदीप चावला ने जारी बयान में कहा कि नगर में पिछले दो दिनों से साफ सफाई की व्यवस्था चरमरा गई है और शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगने शुरू हो गए हैं और बारिश के दिनों में कूड़े के ढेर से बीमारियां फैलने की आशंका भी बनी हुई है जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी पालिकाध्यक्ष की है। चावला ने कहा कि पिछले दो दिनों से पालिका क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था बिल्कुल ठप्प हो गई है और नगर में जगह जगह गंदगी एकत्र हो रही है। नगर में सफाई व्यवस्था चौपट होने के कारण लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महामंत्री संदीप चावला ने कहा कि स्थानीय



पर्यावरण मित्रों को रोजगार मिलना चाहिए। उनकी मांगे जायज हैं जबकि नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा निजी स्वार्थों के चलते बाहर से लोगो को रोजगार देकर स्थानीय कर्मचारियों का शोषण कर रहे हैं। श्री चावला ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पालिकाध्यक्ष के व्यक्तिगत मामलों को दरकिनार करते हुए इस मामले का जल्द पटाक्षेप कर नगर की साफ सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास करना चाहिए जिससे जनता को राहत मिल सके।

# डीएम ने विकास भवन में किया कार्यालयों का निरीक्षण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने शुक्रवार को विकास भवन स्थित कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों तथा कर्मचारियों की निर्देशित करते हुए कहा कि सभी समय के पाबंद रहें और जनहित की फाइल्स को प्राथमिकता एवम समयबद्धता से निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में पत्रों का चयन पूरी ईमानदारी व निष्पक्षता से किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यों से जनता यदि खुश व संतुष्ट होगी तो निश्चित ही अधिकारियों, कर्मचारियों को टेंशन भी नहीं होगी। उन्होंने सभी कर्मोकों को कार्यालय के समय से





पहुंचने, कार्यों को समयबद्धता से निस्तारित करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यदि कोई समस्या या परेशानी हो तो समय रहते अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण से संबंधित पटलों के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि सभी की नाम, पदनाम पट्टिकाऐं चस्पा की जाए तथा आउटसोर्स कर्मचारियों के आईडी कार्ड बनाएं जाएं। डीएम ने जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय के विभिन्न पटलों के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत दी जाने वाली पेंशन समय से खातों में ट्रांसफर हो। उन्होंने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी का चार्ज जिला समाज कल्याण अधिकारी को देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वजल से संबंधित पटलों के निरीक्षण के दौरान सभी पत्रावलियों को समय से तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कृषि, उद्यान सहित अन्य कार्यालयों को भी निरीक्षण किया और महत्वपूर्ण निर्देश संबंधित अधिकारियों एवम पटल सहायकों को दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी आदि उपस्थित थे।

गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी: तिकोनिया मो- 9837077682 | चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666 | पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर: काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर: चीमा चौराहा मो-7455045084 | रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर: गुरूनानक इंटरप्राईजेज पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने वायरल वीडियो पर माफी मांगी

## अंकिता भंडारी और रेप पीड़ित बेटियों को न्याय दिलाने के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा : माहरा

देहरादून(उद संवाददाता)। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने पौड़ी में निकाली स्वाभिमान न्याय यात्रा के दौरान एक सबोधन में जुबान फिसलने से सियासत तेज हो गई है। हांलाकि करन माहरा ने अब सफाई पेश करते हुए अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिये गढ़वाल के लोगों की खामोशी को लेकर की गई टिप्पणी पर माफी मांगी है। माहरा ने कहा कि वायरल वीडियो में छेड़छाड़ की गई है। उनका उद्देश्य किसी की भावना को ठेस पहुंचाना नहीं था। भाजपा ने इसे गलत तरीके से प्रचारित किया। करन माहरा ने माफी मांगते हुए कहा कि उनके बयान से जिसे भी कष्ट हुआ है वह एक बार पूरा बयान सुने। माहरा ने कहा जिस किसी की भी भावनाएं आहत हुई है वो इसको लेकर मौन व्रत रखेंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य किसी की भावना को ठेस पहुंचाना नहीं था। भाजपा ने उनके इस भाषण को गलत तरीके से प्रचारित किया है। करन माहरा ने प्रदेश सरकार पर यौन उत्पीड़न के मामलों को दबाने का भी आरोप लगाया है। गौरतलब है कि अंकिता भंडारी प्रकरण में कोटद्वार में आयोजित कांग्रेस की एक जनसभा में दिए गए बयान पर कांग्रेस के ही एक पदाधिकारी पर माहरा का वीडियो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दुष्प्रचार करने का आरोप लगाया है।



जबकि इस मसले पर भाजपा नेत्रियों ने कांग्रेस का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। शुक्रवार को कांग्रेस भवन में प्रेसवार्ता में माहरा ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड को 10 माह से अधिक को समय हो गया है। न्याय मिलने में विलंब हो रहा है। माहरा ने कहा कि हम उत्तराखंडवासी डबल इंजन वाली इस सरकार के सामने इस लड़ाई में कमजोर पड़ते नजर आ रहे हैं। माहरा ने कहा कि भाजपा तो यही चाहती है कि जनता का ध्यान बेटियों के मुद्दे से भटका रहे और वह दोषियों को बचाने का रास्ता बना सके। माहरा ने कहा कि हम अंकिता और रेप पीड़ित बेटियों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इतनी जल्दी हार मानने वालों में से नहीं हैं, अंकिता को न्याय दिलाने के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा। प्रेसवार्ता में अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि उत्तरकाशी जिले के पुरोला, धरासू, चिन्यालीसौड़ और डुंडा ब्लाक में बीते वर्ष अनुसूचित जाति की चार लड़कियों के साथ बलात्कार की घटनाएं हुईं। धामी सरकार ने न सिर्फ इन घटनाओं पर पर्दा डाला, बल्कि बच्चियों को जो राहत राशि देनी चाहिए थी, वह अभी तक नहीं दी गई है। माहरा ने कहा कि पोक्सो एक्ट के तहत रेप पीड़िता को सात लाख और गैंगरेप पर 10 लाख त्वरित राहत राशि के रूप में देने का प्रावधान है। वहीं एससी, एसटी एक्ट के तहत यह राशि दोगुनी हो जाती है। उन्होंने सरकार से पीड़िताओं को यह सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि उनके परिजनों को केस की पैरवी में कोई आर्थिक दिक्कत न आए। प्रेसवार्ता में गरिमा माहरा दसौनी, दर्शन लाल, शीशपाल सिंह बिष्ट, अमरजीत सिंह, नवीन जोशी, नीरज त्यागी आदि उपस्थित थे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## फिल्मों का प्रमाणन

कापीराइट कानून के तहत किसी कृति के किसी अंश का बिना इजाजत और बिना भुगतान किए व्यावसायिक इस्तेमाल करने पर भी दंड का प्रावधान है।हमारे देश में चाहे भी कोई क्षेत्र हो, नकली का कारोबार उभर ही आता और फलना-फूलना शुरू कर देता है। इस पर नकेल कसने की कोशिशें की जाती हैं, मगर वे कारगर साबित नहीं हो पातीं। फिल्म निर्माता लंबे समय से मांग करते रहे हैं कि उनकी फिल्मों की अनधिकृत प्रतियां बना कर बेचने यानी पाइरेसी का धंधा करने वालों पर नकेल कसने के लिए कड़ा कानून बनाया जाए। हालांकि पाइरेसी के खिलाफ पहले से कानून था, मगर उसका असर नक्कालों पर नहीं पड़ रहा था, इसलिए इसे और कड़ा करने की जरूरत महसूस की जा रही थी। आखिरकार चलचित्र (संशोधन) विधेयक 2023 ध्वनिमत से राज्यसभा में पारित हो गया। इसमें फिल्मों के प्रमाणन की प्रक्रिया को भी आसान बनाने का प्रावधान किया गया है। दरअसल, एक अनुमान के मुताबिक पाइरेसी की वजह से फिल्म उद्योग को हर साल बीस हजार करोड़ रुपए का नुकसान होता है। इसलिए इसे लेकर चिंता स्वाभाविक थी। फिल्मों की नकली प्रतियां बना कर बेचने वाले इसका कारोबार दूसरे देशों में भी करते हैं। जिस दिन फिल्म जारी होती है, उसके अगले ही दिन दूसरे देशों में उसकी प्रतियां बिकनी शुरू हो जाती हैं।फिल्म निर्माता चूंकि पहले अपनी फिल्में सिनेमाघरों में जारी करते हैं, उसके कुछ दिन बाद इंटरनेट से जुड़े माध्यमों पर पेश करते हैं। इसके लिए बिक्री का एक तंत्र है। मगर जो दर्शक बाहर के देशों में हैं और वहां उन्हें सिनेमाघरों में वह फिल्म देखने को नहीं मिलती और तुरंत फिल्म देखना चाहते हैं, वे फिल्मों की नकली प्रतियों के बड़े खरीदार होते हैं। हालांकि नकली प्रतियां बनाने का धंधा केवल फिल्मों तक सीमित नहीं है। किताबों, कलाकृतियों आदि की नकली प्रतियों का कारोबार भी बड़े पैमाने पर फल-फूल रहा है। सड़कों पर प्रसिद्ध और चर्चित लेखकों की किताबें सस्ते दामों पर बेचते लोग दिख जाते हैं। चूंकि विदेशों में छपी किताबों की कीमत भारतीय रुपए में बहुत अधिक होती है, जिससे आम पाठक के लिए खरीदना संभव नहीं हो पाता, इसलिए वे नकली प्रतियों के प्रति आकर्षित होते हैं।चर्चित चित्रकारों की तस्वीरों की नकली प्रतियां बनाने वालों का गिरोह तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करता है। इस तरह पाइरेसी के धंधे पर नकेल कसने की जरूरत न केवल फिल्मों, बल्कि हर तरह के रचनात्मक कामों पर महसूस की जाती है। इसके अलावा इलेक्ट्रानिक साजो-सामान की नकल का भी एक बड़ा कारोबार है। किसी भी साफ्टवेयर की नकली प्रति बना कर बाजार में बहुत सस्ती दर पर उपलब्ध करा दिया जाता है। इसका बहुत बड़ा बाजार है।दरअसल, जब भी कोई रचना तैयार होती है, चाहे वह फिल्म हो, किताब हो, कलाकृति हो या संगीत की कोई रचना हो, उसमें एक रचनाकार की मौलिक प्रतिभा लगी होती है, जिसकी रक्षा के लिए दुनिया भर में कापीराइट कानून लागू हैं। ये कानून अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगभग समान भी हैं। ऐसे में नकली प्रतियां बनाना उस कानून का सरासर उल्लंघन है। कापीराइट कानून के तहत किसी कृति के किसी अंश का बिना इजाजत और बिना भुगतान किए व्यावसायिक इस्तेमाल करने पर भी दंड का प्रावधान है। मगर नक्कालों को इसकी कहां परवाह! उनका तंत्र अब इतना जटिल रूप में फैल चुका है कि कई बड़े अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोह इस धंधे को संचालित करते देखे गए हैं। इसलिए चलचित्र (संशोधन) अधिनियम का प्रभाव इस रूप में दर्ज होगा कि वह इस तंत्र पर किस तरह और किस हद तक लगाम लगा पाता है।

# मल्टीपर्पज बैडमिंटन हॉल और युवा केन्द्र का किया निरीक्षण

भीमताल(उद संवाददाता)। प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने भीमताल स्थित निर्माणाधीन मल्टीपर्पज बैडमिंटन हॉल और युवा केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य के बारे में जानकारी ली।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि दोनों ही निर्माण कार्यो को तय समय पर पूरा कर लिया जाए और निर्माण पूर्ण होने के पश्चयात तत्काल विभाग को सूचित करें। खेल मंत्री ने कहा कि मल्टीपर्पज हॉल के बन जाने से आने वाले समय मे हमारे खिलाड़ियो को काफी लाभ होगा और वह अपने हुनर को निखार सकेंगे। कहा कि कहें ना कहीं



जीवन में अनुशासन का होना अनिवार्य है और खेल हमें अनुशासन सिखाते हैं। इसलिए हमें खेलों में भाग अवश्य लेना चाहिए। खेलों में भाग लेने से जहां शरीर तंदरुस्त रहता है, वहीं दिमाग में भी ताजगी बनी रहती है। उन्होंने कहा कि अगले साल राज्य में 38 वे राष्ट्रीय खेलो का आयोजन होना है ।जिसके लिए सरकार और खेल विभाग पूरी तरह से तैयार है और अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है ।उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम शानदार और बेहतरीन तरह से राष्ट्रीय खेलो का आयोजन करेंगे। सरकार पूरी तरह से आयोजन के लिए तैयार है। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जानकी कार्की,जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मुकुल चौधरी ,युवा कल्याण अधिकारी श्री प्रतीक जोशी ,जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती वर्षा उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवसः प्रकृति के सबसे बलशाली शिकारी का संरक्षण

**ग्लोबल टाइगर डे**, जिसे अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस भी कहा जाता है, बाघ संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए यह वार्षिक उत्सव है, जो सालाना 29 जुलाई को आयोजित किया जाता है। इसे 2010 में रूस में सेंट पीटर्सबर्ग टाइगर शिखर सम्मेलन में बनाया गया था, जब 13 बाघ रेंज वाले देश टी X 2 बनाने के लिए एक साथ आए थे। 2016 इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य का आधा पड़ाव है और यह वर्ष अब तक के सबसे एकजुट और रोमांचक ग्लोबल टाइगर डेज में से एक रहा है। डब्लू डब्लू एफ कार्यालय, संगठन, मशहूर हस्तियां, सरकारी अधिकारी, और दुनिया भर के व्यक्ति थम्ब्स अप फॉर टाईगर्स अभियान के समर्थन में एक साथ आए- बाघ रेंज वाले देशों को दिखाते हुए कि बाघ संरक्षण प्रयासों और टी X 2 लक्ष्य के लिए दुनिया भर में समर्थन है। अत: इस दिन का लक्ष्य बाघों के प्राकृतिक आवासों की रक्षा के लिए एक वैश्विक प्रणाली को बढ़ावा देना और बाघ संरक्षण के मुद्दों के लिए सार्वजनिक जागरूकता और समर्थन बढ़ाना है। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस सूचना खोज के माध्यम से बाघों पर ऑनलाइन जागरूकता बढ़ाने में प्रभावी साबित हुआ है। बाघ विडाल प्रजाति के सबसे बड़े सदस्य हैं और केवल एशिया में ही पाये जाते हैं। बाघ लगभग हर तरह के वातावरण में रहने में सक्षम होते हैं।



घने बरसाती जंगल हो या घास के मैदान, यह हर जगह रह लेते हैं। उत्तर-पूर्व रूस के साइबेरिया में -40 डिग्री से लेकर मध्य भारत के नेशनल पार्क जहा तापमान +45 डिग्री तक पहुच जाता है, बाघ हर जगह पाये जाते हैं। कुछ कैमरा ट्रैप्स में बाघ को पहाड़ो में समुद्र तल से 4000 मीटर की ऊंचाई पर भी देखा गया है। नर बाघ 300 किलोग्राम से ज्यादा वजनी, 3 मीटर से ज्यादा लंबे हो सकते हैं। हर बाघ की धारियां दूसरे से अलग होती हैं। शीर्ष शिकारियों के रूप में, जंगली बाघ ग्रह के पारिस्थितिक तंत्र के सामंजस्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शाकाहारी जीवों का शिकार करके, बाघ शिकार करने वाले जानवरों और जंगल की वनस्पतियों, जिन पर वे भोजन करते हैं, के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद करते हैं। परंतु जिस क्षेत्र में वे विचरण करते थे उसका केवल 5% हिस्सा ही बचा है, बाघ वनों की कटाई, बुनियादी ढाँचे और अन्य मानवीय गड़बड़ियों के कारण अपने घरों को खो रहे हैं, जिससे वे प्रकृति के तेजी से घटते क्षेत्रों में जाने को मजबूर हो रहे हैं। भारत में बाघ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ने के काफी अच्छे परिणाम सामने आए हैं। भारत में हर 4 साल बाद बाघों की गिनती होती है। बाघों की संख्या जहां सन 2006 में 1411 थी, सन 2010 में 1706, सन 2014 में 2226, सन 2019 में 2967 और सन 2023 में यह संख्या बढ़कर 3167 हो गयी है । अप्रैल 2023 में, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने खुशी व्यक्त की, कि भारतीय स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में भारत दुनिया की 75% बाघ आबादी का घर है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, यह भी एक संयोग है कि भारत में बाघ अभयारण्य 75,000 वर्ग किलोमीटर भूमि पर हैं और पिछले दस से बारह वर्षों में देश में बाघों की आबादी 75 प्रतिशत बढ़ गई है।

**- ई. रूपेश अरोरा,**
**वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर,**

# वन विभाग की टीम ने दो और शिकारियों को दबोचा

खटीमा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के जंगलों में इन दिनों शिकारियों की सक्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले दिनों पहले तराई पूर्वी वन प्रभाग के खटीमा में बाघ की खाल और हड्डियां बरामद की गई थी। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने शुक्रवार को दो शिकारियों को गिरफ्तार किया है। जबकि पांच शिकारियों को इससे पहले गिरफ्तार किया गया था।बता दें पूरे मामले में अभी तक तक वन विभाग की टीम द्वारा सात वन्यजीव तस्करों को अरेस्ट किया जा चूका है। हालांकि वन विभाग की रडार पर अभी और तस्कर



भी हैं। सभी आरोपियों का इतिहास खंगाला जा रहा है। शिकारियों की पहचान शमशाद गुर्जर निवासी बिजनौर और मांगे उर्फ इमाम के रूप में हुई है। तराई पूर्वी वन प्रभाग के डीएफओ संदीप कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की जा रही है। आरोपितों ने बाघ को कहां और कैसे मारा इसे लेकर जांच जारी है। पकड़े गए सभी आरोपियों का वन आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# साईको किलर पति ने दूसरी पत्नी की हत्या कर शव गड्ढे में दफन किया

किच्छा(उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर जनपद की किच्छा कोतवाली अन्तर्गत एक साईको किलर पति ने अपनी दूसरी पत्नी की तीन माह पूर्व हत्या कर शव को गड्ढे में दफन कर दिया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लिया और उससे सख्ताई से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी पति ने पत्नी की हत्या कर शव ठिकाने लगाने की बात कबूल कर ली। इसके साथ ही हैरान करने वाला मामला सामने आया है जिसमे दूसरी मृतक पत्नी के नाबालिग बहन के साथ जबरजस्ती कर यौनशोषण, गुप्तांगो पर चोट मारने व नाखून उखाड़ने की बात कबूल की है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने तहसीलदार के समक्ष शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ऊधम सिंह नगर जनपद की किच्छा कोतवाली अंतर्गत प्रतापपुर निवासी बेटे के दोस्त ने पुलिस को बताया कि सन्तोष कुमार द्वारा उसने अपनी पत्नी की हत्याकर शव को गायब कर दिया है जिस पर किच्छा पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया तथा एसएसपी के निर्देशन में टीमों का गठन किया गया। इस मामले में ऊधम सिंह नगर एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने खुलासा करते हुए बताया कि इस मामले को गम्भीरता से लिया तथा साईको किलर को गिरफ्तार किया। जिस उसके बताया गया कि उसकी पत्नी से मामूली विवाद होने पर उसकी हत्या कर शव को जमीन में दफना दिया।इतना ही नहीं आरोपी संतोष ने ससुरालियों से पत्नी के भाग जाने की बात कहकर नाबालिग साली को घर ले आया और उससे जबरन शादी कर ली. आरोपी के बेटे ने अपने परिचित को राज बताया तो उसने पुलिस को घटना की सूचना दी। बीते देर रात पुलिस ने तहसीलदार के समक्ष किच्छा सिडकुल रोड पर बने शाही पेट्रोल पंप से तीन सौ मीटर पहले घटना स्थल पर पहुंची और पंतनगर फार्म से सटे नाले में दो जेसीबी मशीन की मदद से खुदाई शुरू की। जिसके बाद शव को गड्ढे से बाहर निकाल कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज गया।



वहीं पुलिस ने आरोपी संतोष को हिरासत में लेते हुए सख्ती से पूछताछ की तो उसने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर शव को जमीन में दफनाने की बात कबूल की। इतना ही नहीं उसके द्वारा चौकाने वाले खुलासा किया। जिसमें उसके द्वारा बताया गया कि 10 वर्ष पूर्व रंभा देवी से उसकी शादी हुई थी तथा वह जलकर मर गई थी। जिसके बाद उसने उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद निवासी केदल देवी से शादी हुई थी। शादी के बाद एक लड़का हुआ था तथा उसके द्वारा लालपुर क्षेत्र में एक नर्स के माध्यम से बेच दिया था। इसके बाद उसके एक लड़की हुई जिसको उसके द्वारा मार दिया गया। तथा 3 महीने पूर्व कहासुनी के बाद उसने दूसरी पत्नी केदल देवी को मौत के घाट उतार दिया तथा वापस ससुराल पहुंच गया जहां उसने अपनी पत्नी पर भागने के आरोप लगाते हुए उसकी नाबालिग बहन से तीन-चार दिन रुक कर दुष्कर्म किया इतना ही नहीं उसके द्वारा उसे किच्छा लेकर आया गया तथा उसके गुप्तांगों पर चोट मारी गई और नाखून उखाड़े गए व उसके साथ शारीरिक शोषण भी किया गया। पुलिस ने साइको किलर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वही एसएसपी ने बताया कि पहली पत्नी की भी हत्या की जांच करवाई जाएगी। उक्त मामले का खुलासा किच्छा कोतवाली में उधम सिंह नगर एसएसपी द्वारा किया।

# कामरेड चारू के शहादत दिवस ली शपथ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भाकपा (माले) ने अपने संस्थापक महासचिव कामरेड चारू मजूमदार शहादत दिवस पर इंद्रानगर, ट्रॉली लाइन, घोड़ानाला, आदर्श गांव राजीवनगर, तिवारी नगर, पुराना खत्ता, शास्त्रीनगर ब्रांचों की बैठकें कर कामरेड चारू मजूमदार और तमाम शहीद क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि देते हुए एक मिनट का मौन रखा और कामरेड चारू मजूमदार के विचारों के आधार पर संघर्ष तेज करने और पार्टी को मजबूत करने की शपथ ली गई। जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि, भारत में मजदूर -किसानों का राज लाने और मजदूर वर्ग की क्रांति करने का सपना कॉमरेड चारू मजूमदार ने देखा था। चारू ने ही 22 अप्रैल 1969 को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) की स्थापना की थी। जेल में यातनाओं के कारण 28 जुलाई 1972 को उनकी जेल में ही शहादत हो गई। भुवन जोशी ने कहा कि वन संरक्षण अधिनियम 1980 में बदलाव लाने के लिए वन संरक्षण संशोधन विधेयक 2023 को भारी जनविरोध के बावजूद लोकसभा में पारित कर दिया गया है। यह सरकार के जन तथा वनविरोधी रुख को जाहिर कर रहा है। पुष्कर सिंह दुबड़िया ने कहा कि आज की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने के लिए हमें पार्टी को सांगठनिक, राजनीतिक एवं वैचारिक तौर पर मजबूत बनाना होगा। किशन बघरी ने कहा कि आज देश असाधारण परिस्थिति के बीच है, न केवल जनता का जीवन, जीवनयापन के साधन और स्वतंत्रताओं पर गम्भीर खतरा मंडरा रहा है। बैठकों में गोविंद सिंह जीना, आनंद सिंह सिजवाली, कमल जोशी, मदन सिंह धामी, चन्दन राम, स्वरूप सिंह दानू, नैन सिंह कोरंगा, हरीश भंडारी, निर्मला शाही, बिशन दत्त जोशी, प्रमोद कुमार, त्रिलोक सिंह दानू, कमलापति जोशी, आनंद सिंह दानू, राम सिंह खड़का, रोबिन प्रसाद, ललित जोशी, त्रिलोक राम, खीम सिंह, हुकुम सिंह, हीरा बल्लभ आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# इंस्पिरेशन स्कूल में भाषण प्रतियोगिता आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा 6 के प्रतिभागियों के लिए विषय था-''द इम्पोर्टेंस ऑफ इंवायरमेंटल कन्जरवेशन'', कक्षा 7 के प्रतिभागियों के लिए विषय था-''ओवरकमिंग चेलेंजेज टर्निंग ऑब्सटिकल इनटू अपरच्यूनिटीज'' व कक्षा 8 के प्रतिभागियों के लिए विषय था-'' डाइवरसिटी एण्ड इनक्लूजन सेलेब्रेटिंग अवर डिफरेन्सेस'' इन विषयों में प्रतिभागियों ने बड़े ही सुन्दर ढंग से अपने विचारों को प्रस्तुत किया। जिसमें कक्षा 6 अ, ब व स से क्रमश: प्रथम स्थान पर स्वर्णिका बल्यूटिया, कुमुद बिष्ट, मेहुल जोशी और अली अहमद, द्वितीय स्थान पर व्योम जोशी, मोहक अग्रवाल, प्रियांश भट्ट और काश्वी तिवारी व तृतीय स्थान पर कर्णिका दानी, गुरनुर कौर, अक्षिता केशरवानी, रयांश बिष्ट और आस्था मेहरा रहे। कक्षा 7 अ, ब व स से क्रमश: प्रथम स्थान पर प्रज्ञान सिरव, कर्तव्य जोशी और दृष्टि तिवारी, द्वितीय स्थान पर अबीर दयाल सक्सेना, शांतनु पंचपाल, अंजलि वर्मा और खुशी जोशी व तृतीय स्थान पर आरना अग्रवाल, हमजा खान, नव्या और पटवाल रहे। कक्षा 8 अ, ब व स से क्रमश: प्रथम स्थान पर श्रेया नेगी, तमन्ना भट्ट और जूही काण्डपाल, द्वितीय स्थान पर अदिती भट्ट, शिवा, समृद्धि शर्मा, तेजस्विनी भट्ट व तृतीय स्थान पर प्रकृति पाण्डे, शौर्य अग्रवाल और सिद्धि बोहरा रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुराग माथुर ने विजयी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। निर्णायक मण्डल में प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उपप्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा थीं। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई प्रेषित की। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 8 की ईशा बिष्ट व प्रतीक्षा रेहलान ने किया। इस उपलक्ष में श्रीमती पूजा जोशी, श्रीमती उर्मी रैना आर्या, श्रीमती गुनीत कौर, पारूल अग्रवाल, संतोष रावत सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।




# स्थापना दिवस पर किया सुंदरकांड पाठ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था के सातवें स्थापना दिवस के अवसर पर प्राचीन श्री राम मन्दिर में संगीतमय सुन्दरकांड पाठ का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से कहा कि जिस दिन से एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था की स्थापना हुई है उस दिन से ही संस्था समाजहित में लगातार कार्य कर रही है। लोकमंगल की कामना ही संस्था का उद्देश्य है।संगीतमय सुंदरकांड पाठ का प्राचीन श्री राम मन्दिर के पंडित विवेक शर्मा सहित उनकी टीम ने किया। इस दौरान शुभकामनाएं देने में पूर्व दर्जा राज्यमंत्री प्रकाश हर्बोला, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री रेनू अधिकारी, शंकर कोरंगा, हेमन्त कुमार साहू, राधा आर्या, कल्पना बोरा, अलका जीना, कनिष्ठ ढींगरा, विजय मनराल व मनीष पाल आदि लोग थे। इस दौरान संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू, संरक्षक हरीश चन्द्र पाण्डेय, रुपेन्द्र नागर, लोकेश कुमार साहू, चिरौंजी लाल, नन्दकिशोर आर्या, बलराम हालदार, धर्मा कुमारी बिष्ट, मुकेश सरकार, विपिन चन्द पाण्डेय, आरपी सिंह, विनीत अग्रवाल, खेमराज साहू, पूजा लटवाल, अलका जीना, उमाकांत उपाध्याय, पीयूष शर्मा, आशा शुक्ला, रितिक साहू, प्रीति आर्या, रिंकी गुप्ता, बरखा शर्मा, सीता साहू, पूजा जोशी, जानकी रैगाई, पूर्णिमा रजवार, सुनीता तिवारी, चंपा त्रिपाठी, सूरज कुमार, दीपक कुमार, रोहतास प्रजापति, अभिषेक साहू, कमलेश आर्या, योगेश कुमार, सूरज मिस्त्री, मोहित यादव, निखिल साहू, ममता रावत, पूनम गुप्ता, पुलकित कुमार, नन्दकिशोर आर्या, मनीष साहू ,रेखा साहू, काजल खत्री, मोहिनी देवी, निकिता साहू, लक्ष्मी हालदार, नीतू रौतेला, अंशिका साहू, शौफाली जायसवाल आदि उपस्थित रहे।



# हल्द्वानी शहर में आये दिन हो रही पानी की समस्या दूर करें : डीएम

नैनीताल(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना ने कैंप कार्यालय में जल संस्थान, जल निगम के अधिकारियों से वर्तमान में गतिमान कार्यो, जल जीवन मिशन एवं हल्द्वानी शहर में आये दिन पानी की समस्या के समाधान हेतु, सीएम हैल्पलाईन में प्राप्त समस्या/शिकायतो के निस्तारण से सम्बन्धित अधिकारियो से विस्तृत जानकारी लेते हुए समीक्षा बैठक ली। डीएम ने जल निगम जलसंस्थान के अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिये है कि हल्द्वानी शहर में आये दिन जो पानी की समस्या बनी रहती है उसके समाधान के लिए संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण करते हुए भविष्य को देखते हुए पंपिंग स्रोत, स्टोरेज तथा सप्लाई एवम डिस्ट्रीब्यूशन की वर्तमान व्यवस्था में लघुकालीन एवम दीर्घकालीन सुधारीकरण उपायों का प्लान बनाते हुए 15 अगस्त तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि जेजेएम में जिन कार्यो में ट्रेन्डर, डीपीआर, वर्क कार्य किये जाने है उन्हें समयावधि के अन्तर्गत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से हल्द्वानी शहर में ट्यूबैल, फीलटर प्लान, ओवर हैड टैंको, शहर में वार्डवार पानी संयोजन की भी जानकारी ली। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त समस्या एवं शिकायतों के शिकायतकर्ता से वार्ता कर उन्हें भली- भांति वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए पोर्टल पर निस्तारण की रिपोर्ट 3 दिन के भीतर अपलोड करने के निर्देश दिए। बैठक में जल निगम भीमताल एवम हल्द्वानी अधिशासी अभिन्यता, जल संस्थान अधीक्षण अभियन्ता विशाल सक्सेना, अर्थ संख्याधिकारी डॉ. मुकेश नेगी के साथ ही अन्य अधिकारी मौजूद थे।



## पेज एक का शेष...

**भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी...**से नरेंद्र सिंह रैना, राजस्थान से डॉ. अल्का गुर्जर, पश्चिम बंगाल से अनुपम हाजरा, मध्य प्रदेश से ओमप्रकाश धुर्वे, बिहार से ऋतुराज सिन्हा, झारखंड से आशा लाकड़ा, असम से सांसद कामख्या प्रसाद तासा, उत्तर प्रदेश से सांसद सुरेंद्र सिंह नागर, केरल से अनिल एंटनी को लिया है। जबकि, उत्तर प्रदेश से राजेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष और उत्तराखंड से नरेश बंसल को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

**विधवा ने जेठ और...** कि वह उसकी अपनी माता की तरह देखभाल करेगा, समस्त खर्चे, दवा इत्यादि का पूर्ण ध्यान रखेगा। उसके निवास हेतु मकान बना देगा जिसके लिए उसे उपरोक्त रुपयों की आवश्यकता है। जिस पर उसने समय-समय पर प्रमोद कोरंगा को सारा रुपया निकाल कर दिया। अब वह उसे परेशान कर घर से बेदखल करने एवं जान से मारने की धमकी दे रहा है। गंगा देवी का कहना है 17 मई को सायं प्रमोद कोरगा उसके कमरे में आया और घर से बाहर निकालकर फेंकने लगा और कहने लगा कि यह घर मेरा है, जान से मार दूंगा यहां से चली जा। यह कहते हुए उसे घर से बाहर धक्का देकर निकाल दिया। इसके बाद से वह काफी डरी हुई है। घटना की सूचना थानाध्यक्ष पन्तनगर सहित शासन प्रशासन महिला हेल्प पाईन आदि को दी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**विश्व बाघ दिवस पर...** थी। बता दें कि ग्लोबल टाइगर डे की मेजबानी कॉर्बेट प्रशासन कर रहा है, जहां आज रामनगर कॉर्बेट पार्क में केंद्रीय वन मंत्री के अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं देश के सभी टाइगर रिजर्व के आला अधिकारी प्रतिभाग करेंगे ।

**हजारों की नगदी...**9 गुना पाओ कह रहा था। उसके साथ खड़ा व्यक्ति डायरी में लोगों से पैसा लेकर कुछ लिख रहा था। जिस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता ओमेन्द्र गंगवार पुत्र छेदा लाल निवासी आजादनगर ट्रांजिट कैम्प मूल निवासी पलवडिया थाना बहेड़ी जिला बरेली तथा सुधीश गुप्ता पुत्र रामभरोसे गुप्ता निवासी वार्ड आजाद नगर बताया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से कुल 4930 रुपये नगद, डायरी व सट्टा पर्ची, पेन व मोबाईल आदि सामान बरामद किया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि दोनों एक व्यक्ति के लिए काम करते है । इसके लिए 500 रूपये प्रतिदिन मिलते हैं। पुलिस ने बरामद सामान कब्जे में लेकर दोनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

**पानी के लिये ...**शांत हुए।प्रदर्शन करने वालों सोनी वाल्मीकि, मोहित राजोरिया, रुपाली चौहान, राजा, अरविंद कुमार, अमन कुमार, रंजीता बाल्मीकि, रेखा देवी, रूमा देवी, ललिता राजोरिया समेत तमाम लोग थे।**बारिश से तबाही. ..**और उत्तरकाशी के अधिकतर इलाकों में भारी बारिश होने के आसार हैं। यानी अगस्त की शुरुआत भी भारी बारिश के साथ हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, तीन दिनों तक प्रदेश भर के कई इलाकों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि संवेदनशील इलाकों में भूस्खलन होने से सड़क मार्ग और राजमार्ग अवरुद्ध हो सकते हैं। ऐसे में किसी भी समस्या से बचने के लिए पहाड़ी जिलों की यात्रा करने से पहले मौसम की जानकारी अवश्य ले लें।

**दुकान में चोरों...**बड़े गेट खोलकर अंदर पहुंचे तो दुकान के अंदर का सब सामान बिखरा पड़ा था जब उन्होंने अपनी अलमारी को चेक किया तो गल्ले में रखे 1 लाख 5000 रुपए गायब देखकर उनके होश उड़ गए जिस पर दुकान स्वामी विकास बजाज ने इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दी। कस्बा अधिकारी पूरन चंद तोमर ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

CONSTRUCTING HAPPINESS

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीव्रेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000